मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-40
18/01/2021

सैयद शाहनवाज हुसैन एवं श्री मुकेश सहनी के नामांकन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 18 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार पटना प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में बिहार विधान परिषद उपचुनाव के लिए एन0डी0ए0 प्रत्याशी सैयद शाहनवाज हुसैन और श्री मुकेश सहनी के नामांकन में शामिल हुए।

नामांकन के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि एन0डी0ए0 के गठबंधन के चारों घटक दल मिलजुल कर काम कर रहे हैं। सभी दल एकजुट होकर सरकार का सहयोग कर रहे हैं। बिहार विधान परिषद के उपनिर्वाचन हेतु ने सैयद शाहनवाज हुसैन एवं श्री मुकेश सहनी जी को एन0डी0ए0 का उम्मीदवार बनाया गया है इसके लिए मैं इन दोनों को विशेषतौर पर बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि हम सब एकजुटता के साथ काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द ही होगा।

नामांकन में उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उपमुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय जायसवाल सहित बिहार सरकार के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

******